

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–13 मंगलवार, दिनांक–21 मार्च, 2023 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:03 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन की अनुमति से माननीय नेता विरोधी दल द्वारा अपनी मांगों को रखा गया।

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(iv) 117 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी, श्री विजय कुमार खेमका, श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री अनिल कुमार, श्री सुनील मणि तिवारी, श्री जय प्रकाश यादव, श्री पवन कुमार जायसवाल, डॉ० निक्की हेम्ब्रम, श्री जनक सिंह एवं श्री राणा रणधीर द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी ने अपने कार्यस्थगन की सूचना को पढ़ा।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(ii) श्री संजय सरावगी
(iii) श्री इजहारूल हुसैन
(iv) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(v) डॉ० निक्की हेम्ब्रम
(vi) श्री अनिल कुमार

(vii) श्री राम सिंह
(viii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(ix) श्री भरत बिंद
(x) श्रीमती रेखा देवी
(xi) श्री राजवंशी महतो
(xii) श्री सुनील मणि तिवारी
(xiii) श्री मनोज मंजिल
(xiv) श्री राजीव कुमार सिंह
(xv) श्री विद्या सागर केशरी
(xvi) श्री अजय कुमार
(xvii) श्री महा नंद सिंह
(xviii) श्री राम रतन सिंह
(xix) श्री मुकेश कुमार यादव
(xx) श्रीमती भागीरथी देवी
(xxi) श्री अचमित ऋषिदेव
(xxii) श्री जय प्रकाश यादव
(xxiii) श्री संदीप सौरभ
(xxiv) श्री कुंदन कुमार
(xxv) श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता
(xxvi) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव
(xxvii) श्री बीरेन्द्र कुमार
(xxviii) श्री ललन कुमार
(xxix) श्री ललित नारायण मंडल

**[4] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

(i) माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार विधान मंडल (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) अधिनियम, 2006 की धारा–8(3) के तहत बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता (वेतन एवं भत्ते) (संशोधन) नियमावली, 2023 का हिन्दी एवं अंग्रेजी की एक–एक प्रति के सभा मेज पर रखा गया। यह 14 (चौदह) दिनों तक सदन पटल पर रहेगा।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा कंपनी अधिनिम, 2013 की धारा–395 के तहत बिहार वानिकी विकास निगम लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2019–20 एवं 2020–21 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक–एक प्रति को सभा पटल पर रखा गया।

**[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, डॉ० संजीव कुमार एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तथा दिनांक 17.03.2023 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, डॉ० संजीव कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री कुमार सर्वजीत द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री नन्द किशोर यादव एवं अन्य सभासदों का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, श्री कुमार सर्वजीत द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

इस दौरान सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये। आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया तथा किसानों से संबंधित अगले ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर होने देने का आग्रह बार–बार किया गया, परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते रहे तथा सदन से बहिर्गमन कर गये।

(iii) माननीय सदस्य, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन एवं अन्य सभासदों का आपदा प्रबंधन/कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, कृषि विभाग, श्री कुमार सर्वजीत द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

आसन द्वारा किसानों को बारिश और ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान के मुद्दे को गंभीरता से लेने के लिए सरकार तथा माननीय सदस्यों को धन्यवाद दिया गया।

**[6] आसन की सूचना :–**

आसन द्वारा कार्यमंत्रणा समिति की बैठक 01:30 बजे अप० में उनके कार्यालय कक्ष में होने की सूचना दी गयी। साथ ही समिति के सभी माननीय सदस्यों से उक्त बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया गया।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:02 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[7] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :–**

माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा ने प्रस्ताव किया कि आज "दिनांक 21 मार्च 2023 को सम्पन्न हुए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के प्रतिवेदन पर सदन की सहमति हो।"

आसन द्वारा कहा गया कि आज दिनांक 21 मार्च 2023 को कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में निम्न सिफारिशें की गयी हैं:–

1. शुक्रवार, दिनांक 24 मार्च, 2023 के लिए निर्धारित वित्तीय वर्ष 2023–24 के गृह विभाग से संबंधित आय–व्ययक के अनुदान की माँग दिनांक 24 मार्च, 2023 को ही गिलोटिन (मुखबंध) के माध्यम से लिये जायें;
2. शुक्रवार दिनांक 24 मार्च, 2023 को पूर्व से गिलोटिन (मुखबंध) के माध्यम से निर्धारित जल संसाधन विभाग से संबंधित आय–व्ययक के अनुदान की माँग पर अब शुक्रवार, दिनांक 24 मार्च, 2023 को वाद–विवाद तथा मतदान हो;
3. शेष कार्य यथावत रहेंगे।

समिति की उक्त सिफारिशें पर सदन की सहमति हुई।

माननीय सदस्य, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा 31 मार्च, 2023 को गृह विभाग पर अलग से दो घंटे का वाद–विवाद निर्धारित करने का आग्रह किया गया, जिसका समर्थन माननीय नेता विरोधी दल द्वारा भी किया गया।

तदुपरांत माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा कहा गया कि कार्यमंत्रणा समिति की अनुशंसा पर सदन में विमर्श करना उचित परम्परा नहीं है।

इस दौरान असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

**[8] वित्तीय कार्य :–वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–09 स्वास्थ्य विभाग; समाज कल्याण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग तथा विधान मंडल] पर वाद–विवाद तथा मतदान।**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

आसन द्वारा माननीय सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द्र एवं श्री अरूण शंकर प्रसाद का नाम कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए पुकारा गया, परन्तु किसी भी माननीय सदस्य द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया।

तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग के अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर वाद–विवाद प्रारम्भ हुआ जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

1. श्री राजवंशी महतो
2. डॉ० संजीव कुमार
3. श्रीमती ज्योति देवी
4. श्री भरत भूषण मंडल
5. श्री शकील अहमद खाँ
6. श्री महा नंद सिंह
7. श्री रामवृक्ष सदा

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

8. श्री अजय कुमार
9. श्री सुर्यकान्त पासवान

10. श्री अखतरूल ईमान
11. श्री मोहम्मद अनजार नईमी
12. श्रीमती शालिनी मिश्रा
13. श्रीमती प्रतिमा कुमारी
14. श्री मनोज कुमार यादव
15. श्री मुकेश कुमार रौशन

तत्पश्चात माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी तथा मानीनय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, श्री शाहनवाज द्वारा अपने–अपने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में संक्षिप्त रूप में अपना–अपना पक्ष रखा गया।

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

तदुपरान्त माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से वाद–विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[9] <u>निवेदन</u> :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 43 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक–23 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–21.03.2023

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।